- समाज चार वर्णों – ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र में विभाजित
- फारस का समाज भी चार वर्गों में विभाजित
- अपवित्रता की मान्यता को अस्वीकार किया
- प्रकृति के नियमानुसार हर वस्तु अपवित्र से पवित्र हो जाती है
- वास्तविक जीवन में जाति व्यवस्था अधिक कठोर नहीं थी
- अछूतों से किसानों व जमींदारों के लिए सस्ता श्रम उपलब्ध करने की अपेक्षा करना

lkr vkèkkfjr ç'u

?kkl ys lfudyrk i{kh

प्रश्न 14. यह ''रिहला'' से लिया गया एक उदाहरण हैः

अपने जन्म स्थान तेंजियर से मेरा प्रस्थान गुरुवार को हुआ .... अपनी यात्रा आरम्भ करने के लगभग 30 वर्ष बाद।

(अ) इब्नबतूता कौन था ? उसने कौन सी किताब लिखी ?

(आ) मोहम्मद बिन तुगलक के दरबार में इब्नबतूता कितने समय तक ठहरा?

(इ) उन देशों के नाम बताइए जिन्हें पार कर इब्नबतूता भारत पंहुचा।

उत्तर (अ) मोरक्को के तैन्जियर का निवासी। पुस्तक का नाम ''रिहला''

(आ) आठ वर्षों तक दरबार में रहा

(इ) सीरिया, इराक, फारस, यमन, ओमान, पूर्वी अफ्रीका, मक्का, मध्य एशिया से भारत में प्रश्नवेश।

eY; ijd ç'u

प्रश्न 15. चौदहवीं शताब्दी में यात्राएं करना अधिक कठिन एवं जोखिम पूर्ण था। क्या आप इस कथन से सहमत है ?

उत्तर हाँ क्योंकि :–

- सदैव डाकुओं द्वारा लूटे जाने का भय
- यात्रियों को अपने घर की याद सताना, बीमार पड़ना
- आवागमन के साधनों का अभाव

प्रश्न 16. "ट्रेवल्स इन मुगल एम्पायर" लेखन के पीछे बर्नियर का मुख्य उद्देश्य क्या था?

उत्तर बर्नियर का मुख्य उद्देश्य –

- भारत की स्थितियों की यूरोप से तुलना
- यूरोपियों द्वारा भारत के लिए उचित व सही निर्णय लेना ।
- यूरोप की श्रेष्ठता को दर्शाना ।

प्रश्न 17. लोग किन उद्देश्यों से यात्रा करते थे ?

उत्तर मुख्य उद्देश्य –

- रोजगार के अवसर की तलाश
- व्यापार उन्नति हेतु
- प्राकृतिक आपदाओं से बचने
- सैनिक, पुरोहित अथवा तीर्थयात्री के रूप में
- नए स्थलों की खोज हेतु

ekufp= dk;l

प्रश्न 18. विश्व मानचित्र पर उन देशो को चिन्हित कीजिए जिनकी यात्रा इब्नबतूता ने की थी। कौन–2 से समुद्रों को उसने पार किया ?

उत्तर इब्नबतूता द्वारा भ्रमण किये गये देश :–

1. मोरक्को
2. सीरिया
3. फारस
4. ओमान
5. भारत
6. श्रीलंका
7. मक्का
8. चीन
9. इराक
10. मालदीव
11. सुमात्रा
12. यमन

समुद्र जो इब्नबतूता ने पार किये–

1. उत्तरी अटलांटिक सागर
2. हिन्द महा सागर
2. अरब सागर
4. दक्षिणी चीनी सागर
5. दक्षिणी अटलांटिक सागर
6. लाल सागर
7. बंगाल की खाड़ी
8. पूर्वी चीनी सागर

मानचित्र में स्वयं अंकित करें।

fo"k; & 6

Hkfä ,oa lwQh ijEijk,a

èkkfeZd fo'okl esa cnyko

(लगभग 8वीं से 18वीं सदी तक)

egRoiw.kZ fcUnq

1. धार्मिक विश्वासों और आचरणों की गंगा–जमुनी बनावट
   - साहित्य और मूर्तिकला में देवी देवता का दृष्टिकांत होना
   - आराधना की परिपाटी का विस्तृत होना।

1.1. पूजा प्रणालियों का समन्वय।
   - दो प्रक्रियाओं का कार्यरत होना
   - एक ब्राह्मणीय विचारधारा दूसरा ब्राह्मणों द्वारा, स्त्री, शूद्रों, सामाजिक वर्गों की भाषाओं को स्वीकार करना
   - मुख्य देवता को जगन्नाथ के एक स्वरूप में प्रस्तुत करना। उदाहरण– उड़ीसा में पुरी
   - स्थानीय देवियों को मुख्य देवताओं की पत्नी के रूप में मान्यता

1.2. भेद और सघर्ष
   - देवी आराधना पद्धति को तांत्रिक नाम देना
   - वर्ग और वर्ण भेद की अवहेलना
   - भक्ति रचनाएँ भक्ति उपासना के अंश होना

2. उपासना की कविताएँ :–
   - प्राम्भिक भक्ति परंपरा
   - भक्ति परंपरा में विविधता
   - भक्ति परंपरा के 2 वर्ग–सगुण और निर्गुण

2.1. तमिलनाडु के अलवर और नयनार संत :–
   - तमिल में विष्णु और शिवजी स्तुति
   - ईष्ट का निवासस्थल घोषित करना

2.2. जाति के प्रति दृष्टिकोण :–
   - अस्पृश्य जातियों का द्वेष
   - अलवर और नयनार की रचनाओं के वेदों के समान महत्व देना

2.3. स्त्रीभक्ति
   - स्त्रियों द्वारा पितृसत्तात्मक आदर्शों को चुनौती

2..4. राज्य के साथ संबंध

- तमिल भक्ति रचनाओं बोद्ध और जैन धर्म के प्रति विरोध
- विरोध का राजकीय अनुदान की प्रतिस्पर्धा
- कांस्य प्रतिमाओं का ढालना
- सुंदर राष्ट्र का निर्माण
- चोल सम्राट की संत कविओं पर विशेष कृपा

3. कर्नाटका की वीर शैव परंपरा

- नवीन आंदोलन का उदय
- अनुयायी वीर शैव का लिंगायत कहलाए
- लिंगायतों द्वारा पुनर्जन्म पर प्रश्नचिन्ह

4. उत्तरी भारत में धार्मिक उफान

- उत्तरी भारत में शिव और विष्णु की उपासना
- उत्तर भारत के राजपूत राज्यों का उत्थान
- धार्मिक नेताओं का रूढ़िवादी साँचे से बाहर होने के कारण दस्तकारी उत्पादन का विस्तार तुर्कों का आगमन

5. दुशालों के नए ताने–बाने रू इस्लामी परंपराएँ :–

- 711 ई. में मुहम्मद बिन कासिम अरब सेनापति द्वारा सिंध विजय
- सल्तनत की सीमा का प्रसार
- 16वीं शताब्दी में मुगल सल्तनत की स्थापना
- मुसलमान शासकों द्वारा उलझा के मार्गदर्शन पर चलना

5.2 लोक प्रचलन में इस्लाम :–

- इस्लाम के आ जाने के बाद परिवर्तनों का पूरे उपमहाद्वीप पर प्रभाव
- इस्लाम का सैधांतिक बातों पर बल देना
- मालाबार तट पर बसने वाले मुस्लमान व्यापारियों द्वारा स्थानियों आचारों का मानना

5.3 समुदायों के नाम :–

- लोगों का वर्गीकरण जन्मस्थान के आधार पर
- नियमों का पालन करना

6. सूफी मत का विकास :–

- ईश्वर की भक्ति और उसके आदर्शों के पालन पर बल सूफियों द्वारा कुरान की व्याख्या निजी अनुभवों पर

6.1 खानकाह और सिलसला :–

- 12 शताब्दी में सूफी सिलसलों का गठन
- पीर की मृत्यु के पश्चात दरगाह भक्तिस्थल के रूप में स्थापित होना

6.2 खानकाह के बाहर

- रहस्यवादी फकीर का जीवन
- शरिया की अवहेलना करने वाले बे–शरिया कहलाए

7. उपमहाद्वीप में चिश्ती सिलसिला

7.1 चिश्ती खानकाह में जीवन

- स्थानीय परंपराओं को आत्मसात करना

7.2 चिश्ती उपासनारू जियारत और कव्वाली

- मुईनुद्दीन दरगाह में 14 बार आना
- कव्वालों द्वारा रहस्यवादी गुणगान
- चिश्ती उपसना पद्धति

7.3 भाषा और सम्पर्क

- चिश्तियों द्वारा स्थानीय भाषा अपनाना
- सूफी कविता का आरंभ

7.4 सूफी और राज्य

- चिश्ती संप्रदाय द्वारा सादगी का जीवन
- सूफ संतो की धर्मनिष्ठा विद्धता उनकी लोकप्रियता का कारण आलिया का मध्यस्थ होना

8. नवीन भक्ति पंथ

- उत्तरी भारत में संवाद और असहमति

8.1 देवीय वस्त्र की बुनाई व कबीर

- कबीर बानी में तीन विशिष्ट परिपाटियों का संकलन
- कबीर द्वारा परम सत्य का वर्णन
- इस्लामी दर्शन के ईश्वरवाद को समर्थन हिन्दुओं के बहु देववाद का खंडन
- कबीर को भक्ति मार्ग पर लाने वाले गुरु रामानंद

8.2 बाबा गुरुनानक और पवित्र शब्द

- गुरुनानक द्वारा निर्णुण भक्ति का प्रचार
- भगवान उपासना के लिए निरंतर स्मरण व नाम का जाप
- आदि ग्रंथ साहिब का संकलन

8.3 मीराबाई–भक्तिमय राजकुमारी

- भक्ति परंपरा का सुप्रसिद्ध कवियत्री
- मीरा द्वारा जातिवादी सामाजिक रूढ़ियों का उल्लंघन

9. धार्मिक परंपराओं के इतिहास का पुननिर्माण

- विचारों, आस्थाओं और आचारों को समझना
- धार्मिक परंपराओं का अन्य परंपराओं के अनुसार परिवर्तित होना

vfr y?k mÙkjh; ç'u ¼2 vad½

प्रश्न 1. इस्लाम के मुख्य चार सिद्धान्त क्या हैं ?

- एक अल्लाह व पैगम्बर में विश्वास
- नमाज (दिन में पांच बार)
- जकात (गरीबों को दान)
- हज यात्रा
- रमजान महीने में रोजे रखना

प्रश्न 2. लिंगायत समुदाय की मुख्य शिक्षाएं क्या थी ?

- जाति प्रथा का विरोध
- पुनर्जन्म पर प्रश्नचिन्ह
- बालविवाह में अविश्वास
- विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहन

प्रश्न 3. चर्चा कीजिये कि अलवार, नयनार और वीर शैवों ने किस प्रकार जाति प्रथा की आलोचना प्रस्तुत की?

- विभिन्न सामाजिक समुदायों के भक्तों का आना
- जाति प्रथा के विचार व ब्राह्मणों की सत्ता को चुनौती दी

प्रश्न 4. कौन सा तमिल ग्रन्थ तमिल वेद के रूप में जाना जाता है ?

- नलयिरा दिव्य प्रश्न बन्धम
- संस्कृत के चार वेदों के समान महत्वपूर्ण

प्रश्न 5. अंडाल और करइक्काल अम्मइयार कौन थी ? उनका क्या योगदान था ?

- अंडाल– अलवार स्त्री भक्त (विष्णु की उपासक) कई कविताओ की रचनायें की
- करइक्काल अम्मइयार– नयनार स्त्री भक्त (शिव की उपासक) अपने उद्देश्य प्राप्ति हेतु घोर तपस्या का मार्ग अपनाया । दोनों स्त्री भक्तों की जीवन पद्धति व रचनाओं ने पितृसत्तात्मक आदर्शों को चुनौती दी ।

प्रश्न 6. धर्म के इतिहासकार भक्ति परंपरा को किस प्रकार बांटते है ?

- भक्ति परंपरा को दो मुख्य वर्गों में बांटा है
- सगुण भक्ति
- निर्गुण भक्ति

y?k mÙkjh; ç'u ¼ 4 vad ½

प्रश्न 7. तमिल भक्ति संतो का चोल शासकों के ऊपर होने वाले प्रभावों का विश्लेषण कीजिये ?

- चोल शासकों द्वारा भूमिदान एवं विष्णु शिव मंदिरों का निर्माण
- शिव की नटराज रूप में धातु प्रतिमायें मंदिर में स्थापित की

- सम्राटों द्वारा दैवीय समर्थन पाने व् अपनी सत्ता के प्रदर्शन हेतु तमिल सन्तों का समर्थन
- सम्राटों द्वारा तमिल भाषा के शैव भजनों का गायन मंदिर में प्रचलित किया
- 'तवरम' ग्रन्थ के रूप में तमिल भजनों का संकलन

प्रश्न 8. शेख निजामुद्दीन औलिया के खानकाह में जीवन की मुख्य विशेषताएँ लिखिए।

उत्तर यह खानकाह गियासपुर में स्थित है।

- कई छोटे कमरे एवं एक बड़ा हॉल सामूहिक प्रार्थना हेतु।
- शेख सुबह शाम आगुन्तकों से भेंट करता था।
- शरणार्थियों के लिए आश्रय स्थल
- लंगर की व्यवस्था (लोगो द्वारा दिए गए दान से)
- अनेक धनी व दरबार के अधिकारी भी शेख का आशीर्वाद लेने आए।
- कुछ विशेष परंपराओं का पालन करना।
- शेख द्वारा कई आध्यात्मिक वारिसों का चुनाव किया जाना।

प्रश्न 9. चिश्ती सूफी संतो तथा राज्य के मध्य संबंधो का विश्लेषण कीजिए।

उत्तर चिश्ती संत संयम व सादगी का जीवन जीते थे, किन्तु सत्ता वर्ग द्वारा दिए अनुदान को भी स्वीकार करते थे।

- शासकों द्वारा करमुक्त भूमि अनुदान एवं दान सम्बन्धी न्यास स्थापित करना।
- दान में मिले धन का दैनिक कार्यो के लिए प्रयोग, व्यक्तिगत प्रयोग में नहीं।
- शासकों द्वारा अपने निर्णय लेने में सूफी संतों से समर्थन प्राप्त करना।
- शासकों द्वारा सूफी दरगाहों का निर्माण में सहयोग।
- शासकों व संतों द्वारा सामान आचारों का प्रयोग करना।

प्रश्न 10. उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए कि संप्रदाय के समन्वय से इतिहासकार क्या अर्थ निकलते हैं ?

उत्तर संप्रदाय के समन्वय का अर्थ :–

- दो प्रकार की प्रक्रियाएँ प्रचलित हुईं :–
- ब्राह्मणीय विचारधारा का प्रचार
- स्त्रियों, शूद्रों व अन्य सामाजिक वर्गों की आस्थाओ व आचरणों को ब्राह्मणों द्वारा स्वीकार किया जाना।
- जगन्नाथ (उड़ीसा के प्रमुख देवता) को विष्णु के एक स्वरूप के रूप में प्रस्तुत किया जाना।
- अनेक 'महान' व 'लघु' धार्मिक विचारधाराएं एवं पद्धतियां प्रचलित हुई।
- विष्णु भगवान् को एक नए रूप में प्रस्तुत किया गया।
- स्थानीय देवी की उपासना सिन्दूर से पोते गए पत्थर के रूप में।
- स्थानीय देवियों की पौराणिक परंपरा के अनुसार देवताओं की पत्नी के रूप में मान्यता।

प्रश्न 11. सूफीवाद के चिश्ती सिलसिला के प्रसार का वर्णन कीजिए।

उत्तर भारत में सूफियो के कई सिलसिले प्रचलन में हैं ।

- भारत में चिश्ती सिलसिला सबसे अधिक प्रचलन में
- शेख मुईनुद्दीन चिश्ती जिन्हें ख्वाजा भी कहते है सबसे पहले चिश्ती संत
- अजमेर, उत्तरः–प्रदेश, बिहार, बंगाल, उड़ीसा, व दक्कन भारत चिश्ती सिलसिलों की स्थापना
- अन्य चिश्ती संत– शेख कुतबुद्दीन बख्तियार काकी, शेख फरुद्दीन गज ए शंकर, शेख निजामुद्दीन औलिया, बाबा फरीद आदि ।
- हिन्दूओं को इस्लाम में परिवर्तित करना
- अपने विचारों का जनभाषा में प्रचार
- लोगों से मिलने हेतु खानकाहों की स्थापना
- निम्न वर्गों तक इस्लाम का प्रचार
- मुल्ला अधिक लोकप्रिय
- सुल्तानों द्वारा शेखों को खानकाह का निर्माण हेतु कर मुक्त भूमिदान ।
- क्षेत्रीय भाषा में काव्य रचना ।

प्रश्न 12. भक्ति आन्दोलनों के उदय के कारणों का वर्णन कीजिए ।

उत्तर भक्ति आन्दोलनों के उदय के कारण –

- हिन्दू धर्म की कुरीतियां
- इस्लाम के प्रसार का भय
- सूफी संतों का प्रभाव
- वैष्णववाद का प्रभाव
- अनेक धर्म सुधारकों का उदय जैसे – नामदेव, रविदास, रामानंद, सूरदास, तुलसीदास, मीराबाई, कबीर, आदि ।

nh?kZ mÙkjh; ç'u ¼8 vad½

प्रश्न 13. उदाहरण सहित विश्लेषण कीजिए कि क्यों भक्ति और सूफी चिंतकों ने अपने विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए विभिन्न भाषाओं का प्रयोग किया ?

उत्तर प्रमुख कारण –

- अपनी शिक्षाओं को जनसामान्य तक पहुँचाने तथा स्थानीय लोगों द्वारा स्वीकार करने हेतु।
- चिश्ती संतों द्वारा हिन्दी का प्रयोग
- बाबा फरीद द्वारा क्षेत्रीय भाषा में काव्य रचना
- मसनवी का लेखन (लम्बी कविताए)– ईश्वर के प्रति प्रेम को मानवीय प्रेम के रूप में दर्शाना।
- उदाहरण मलिक मोहम्मद जायसी का पद्मावत

- कर्नाटक में दक्खनी (उर्दू का रूप) में लिखी छोटी कविताएँ – चिश्ती संतों द्वारा रचित लोरीनामा, शादीनामा, ऐसी ही रचनाओं के उदाहरण
- सूफी संत कर्नाटक की भक्ति परम्परा से प्रभावित लिंगायतों के कन्नड़ वचन और पढ़रपुर के संतों द्वारा लिखे मराठी के अभंगों का सूफी संतों पर प्रभाव।

eY; vkèkkfjr ç'u

प्रश्न 14. बाबा गुरुनानक का सन्देश उनके भजनों और उपदेशो में निहित है। इनसे पता लगता है कि उन्होंने निर्गुण भक्ति का प्रचार किया। धर्म के सभी बाहरी आडम्बरों को उन्होंने अस्वीकार किया जैसे यज्ञ, आनुष्ठानिक स्नान, मूर्ति पूजा व कठोर तप, हिन्दू और मुसलमानों के धर्मग्रन्थ को भी उन्होंने नकारा।

(अ) गुरुनानक की मुख्य शिक्षाएं क्या थीं ?

(आ) इस अवतरण से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

उत्तर (अ) गुरुनानक सभी बाहरी आडम्बरों जैसे अन्धविश्वास, जातिप्रथा, ब्राह्मणीय सर्वोच्चता के विरुद्ध मानव सेवा, आपसी प्रेम, भाईचारे को सबसे बड़ा धर्म मानना।

(आ) शिक्षा– नैतिक मूल्य –

- तर्क के आधार पर परंपराओ को अपनाना, अन्धविश्वास के आधार पर नहीं।
- मानवतावाद – सभी के साथ समानता, भाईचारे का व्यवहार।
- धर्मनिरपेक्षता– सभी धर्मो के प्रति समान सम्मान भाव रखना।

lkr vkèkkfjr ç'u

प्रश्न 15. मुगल शहजादी जहाँआरा की तीर्थ यात्रा – 1643

अल्लाहताला की तारीफ के बाद यह फकीरा जहाँआरा राजधानी आगरा से अपने पिता (बादशाह शाहजहाँ) के संग पाक और बेजोड़ अजमेर के लिए निकली चूँकि गुलाबी दुपट्टा जो मेरे सिर पर था, मै उतार चुकी थी, इसलिए उसे मैंने मुकद्दस मजार के ऊपर रखा।

(अ) अजमेर की यात्रा किसने व क्यों की ?

(आ) इस दरगाह के निर्माण के लिए किसने धन दिया? इस दरगाह पर आने वाला सर्वप्रथम शासक कौन था ?

(इ) यह दरगाह इतनी प्रसिद्ध क्यों है ?

उत्तर (अ) जहाँआरा तथा शाहजहाँ ने शेख का आशीर्वाद लेने हेतु यात्रा की।

(आ) सुल्तान गियासुद्दीन खिलजी द्वारा निर्माण, मुहम्मद बिन तुगलक पहला आने वाला शासक था।

(इ) शेख की सदाचारिता, धर्मनिष्ठा तथा उनके आध्यात्मिक वारिसों की महानता और राजसी मेहमानों द्वारा दिए गए समर्थन व सहयोग के कारण।

प्रश्न 16. भारत के मानचित्र पर 3 सूफी स्थल और 3वें स्थल जो मंदिरों (विष्णु, शिव, तथा देवी से जुडा एक मंदिर) से सम्बंधित है अंकित कीजिए ?

उत्तर तीन सूफी स्थल –

1. अजमेर – (ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती)
2. लाहौर – (दाता गंज बख्श)
3. पाक पट्टन (पाकिस्तान)– शेख फरीद शक्कर गंज)

तीन मंदिर स्थल

1. कलकत्ता – दुर्गा देवी मंदिर
2. कर्नाटक – (तन्जावुर, चिदम्बरम)–शिव (नयनार), विष्णु (अलवार) मंदिर

मानचित्र में स्वयं अंकित करें।

fo"k; & 7

,d lkekT; dh jkt èkkuh

fot ;uxj

(लगभग चौदहवीं से सोलहवीं सदी तक)

1. कालिन मैकेन्जी द्वारा हम्पी भग्नावेष का सर्वेक्षण

2. राय, नायक तथा सुलतान
   - विजयनगर साम्राज्य की स्थापना
   - भवन निर्माण की तकनीकों का विकास

2.1 शासक और व्यापारी
   - युद्धकला अश्वसेना पर आधारित होना
   - पुर्तगालियों द्वारा पश्चिमी तट पर व्यापारिक और सामाजिक केन्द्रों की स्थापना

2.2 राज्य का चरमोत्कर्ष तथा पतन
   - राजनीति में सत्ता के दावेदार
   - कृष्णदेव राय द्वारा राज्य का विस्तार तथा दृढ़िकरण
   - कृष्णदेव राय द्वारा माँ के नाम पर उपनगर की स्थापना
   - कृष्णदेव राय के उत्तराधिकारियों को चुनौतियों का सामना
   - तालीकोट का युद्ध
   - रामराय की जोखिम भरी नीति

2.3 राय तथा नायक
   - सेना द्वारा किलों पर नियंत्रण
   - नायक, अमरनायक की भूमिका

3. विजयनगर राजधानी तथा उसके परिच्छेद

3.1 जलसंपदा
   - कमलपुरम जलाशय का निर्माण

3.2 किलें बंदियाँ तथा सड़कें
   - फारस के शासक द्वारा अब्दुर रज्जाक को दूत के रूप में कालीकट भेजना
   - दूत का कालीकट की किलेबंदी से प्रभावित होना
   - कृषि क्षेत्रों का किलेबंद भूभाग
   - नरगीय भाग की आंतरिक किलेबंदी
   - सुरक्षित प्रवेश द्वार विशिष्ट स्थापत्य के नमूने
   - इंडो इस्लामिक शैली का प्रयोग

3.3 शेहरी केंद्र

- शहरी केंद्र का उत्तरी पूर्वी कोना अमीरों का रिहायशी क्षेत्र
- कमल कुण्ड जलाशय नगर निवासियों के पानी के स्रोत

4. राजकीय केंद्र

- संप्रदायों और मंदिरों को राजा का संरक्षण
- संरचनाओं तथा मंदिरों में अंतर

4.1 महानवमी डिब्बा

- संरचनाओं का नामकरण भवनों के आकार तथा कार्यों के आधार पर
- विशालकाय मंच

4.2 राजकीय केंद्र में स्थित अन्य भवन

- (कमल) लोटस् महल परिषदीय सदन
- मंदिर धार्मिक केंद्र तथा राजकीय केंद्र

5. धार्मिक केंद्र

5.1 राजधानी का चयन

- विरूपाक्ष मंदिर धार्मिक मान्यताओं से संबंध

5.2 गोपुरम् और मण्डप

- गोपुरम् अथवा राजकीय प्रवेश द्वार
- मंदिर परिसरों की चारित्रिक विशेषता रथ गलियां
- महलों, मंदिरों तथा बाजारों का आंकलन

vfr y?kq mÙkjh; ç'u ¼2 vad½

प्रश्न 1 कॉलिन मैकेंजी कौन था ?

उत्तर 1. ईस्ट इंडिया कंपनी का एक कर्मचारी।
2. यह एक अभियंता और पुराविद थे।
3. इसी ने 1800 में हम्पी की खोज की थी।

प्रश्न 2 अमरनायक प्रणाली क्या है ?

उत्तर 1. अमरनायक प्रणाली विजयनगर साम्राज्य की एक प्रमुख राजनीतिक खोज थी।
2. इसके कई तत्व दिल्ली सल्तनत की इकता प्रणाली से लिए गए थे।

प्रश्न 3 आपके विचार में कृषि क्षेत्रो को किलेबंद भूभाग में क्यों समाहित किया जाता था ?

उत्तर 1. ताकि शत्रुओं द्वारा लंबी घेराबंदी के समय अनाज की पूर्ति निरंतर होती रहे और वो समर्पण करने से बच सकें।

y?k mÙkjh; ç'u ¼4 vad½

प्रश्न 1 विजयनगर की जल आवश्यकताओं को किस प्रकार पूरा किया जाता था ?

उत्तर
1. जल आवश्यकता तुंगभद्रा नदी द्वारा बने प्राकृतिक कुंड से पूरी होती थी।
2. अन्य जल हौजों का भी निर्माण किया गया था।
3. कमलपुरम जलाशय इसीलिए बनाया गया था।
4. हिरिया नहर भी इसीलिए बनाई गयी थी।

प्रश्न 2 विजयनगर साम्राज्य के मंदिरों की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख करें।

उत्तर
1. वास्तुकार इंडो–इस्लामिक वास्तुशैली से प्रभावित थे।
2. मंदिरों की विशाल संरचना।
3. गोपुरम और मंडप का निर्माण।
4. मंदिर राजाओं की शक्ति और संसाधनो के प्रतीक थे।
5. गर्भगृह के ऊपर कई मंजिलों का निर्माण जिन्हें विमान कहते हैं।
6. द्रविड़ शैली होते हुये भी इसकी अपनी विशिष्टता थी।
7. मंदिरों में कल्याण मंडप– जिसका उपयोग नृत्य, संगीत, नाटक एवं दैवीय विवाहों के आयोजन में होता था।

nh?k mÙkjh; ç'u ¼8 vad½

प्रश्न 1 विजयनगर साम्राज्य के पतन के लिए उत्तर–दायी प्रमुख कारणो का उल्लेख करो।

उत्तर
1. केन्द्रीय सरकार की कमजोरी।
2. कमजोर उत्तराधिकारी।
3. कई राजवशों के शासन के कारण।
4. बहमनी साम्राज्य के साथ लगातार संघर्ष।
5. सेना की भूमिका।
3. तालीकोटा का युद्ध।

प्रश्न 2:– विजयनगर साम्राज्य के प्रशासन की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख करो।

उत्तर
1 राजा– शक्ति का केंद्र।
2. उसके सहयोगी मंत्री।
3. प्रांतीय प्रशासन।
4. स्थानीय प्रशासन।
5. न्यायिक व्यवस्था।

6. वित्तीय व्यवस्था।
7. सैन्य व्यवस्था।
8. अमरनायक प्रणाली।

प्रश्न 3 विजयनगर के महान शासक कृष्ण देव राय की उपलब्धियों का उल्लेख करो।

उत्तर
1. उसका काल विस्तार और स्थायित्व का काल।
2. व्यापक सहनशीलता
3. कई क्रमिक युद्धों के बाद विजयनगर एक शक्तिशाली सैनिक शक्ति बन गया।
4. शांति और समृद्धि।
5. प्रभावी प्रशासन।
6. उत्पादकता से पूर्ण कृषि।
7. आंतरिक और बाह्य समुद्री व्यापार में वृद्धि।
8. महान निर्माता।
9. तेलगु का विद्वान।
10. तेलगु, कन्नड एवं तमिल कवियों का आश्रयदाता।
11. न्याय प्रिय शासक।

fo"k; & 8

fdlku] tehnkj vkSj jkT;

—f"k lekt vkSj eqxy lkezkT;

(लगभग सोलहवीं और सत्रहवीं शताब्दियाँ)

vfr y?kq mÙkjh; ç'u ¼2 vad½

प्रश्न 1 मुगल साम्राज्य में कृषि के बारें में सूचना देने वाले किन्ही दो स्रोतो के नाम लिखो।

उत्तर 1. आइन–ए–अकबरी।

2.. विदेशी यात्रियों के विवरण।

3. ब्रिटिश भारत के रिकार्ड।

प्रश्न 2 मुगल सम्राट कृषि के विस्तार में रुचि क्यों लेते थे ?

उत्तर क्योंकि भूराजस्व उनकी आमदनी का मुख्य स्रोत था।

प्रश्न 3 खुदकाश्त और पाहिकाश्त कौन थे ?

उत्तर ये दो तरह के किसान थे–

खुदकाश्त – वे थे जो उसी गाँव में रहते थे जहां उनकी जमीन थी।

पहिकाश्त – वे खेतिहर जो दूसरे गाँव से आते थे।

प्रश्न 4 सोलहवीं–सत्रहवीं सदी में कृषि विस्तार के लिए उत्तरः–दायी करको को लिखिए।

उत्तर 1. जमीन की बहुतायत।

2. मजदूरो की मौजूदगी।

3. किसानों की गतिशीलता।

4. सिचाई के साधन।

प्रश्न 5 क्या 16 वीं एवं 17 वीं सदी के गाँवों को एक छोटा गणराज्य कहना उचित है ?

उत्तर नही, क्योंकि संपत्ति की व्यक्तिगत मिल्कियत थी। जाति, लिंग के आधार पर गहरा भेदभाव था। शक्तिशाली समूह कमजोर वर्ग का शोषण करता था।

y?kq mÙkjh; ç'u ¼4 vad½

प्रश्न 1 ग्राम पंचायत और उसके प्रमुख की भूमिका का उल्लेख करें।

उत्तर 1. पंचायत का प्रधान एक मुखिया होता था।

2. पंचायत का खर्च चलाने में सभी योगदान करते थे।

3. गाँव में जाने वाले राजस्व अधिकारियों की खातिरदारी।

4. समुदाय हित के कार्य।

5. जाति के दायित्वों को पूरा करना।
6. लोगो के आचरण पर नजर रखना।
7. जुर्माना लगाने और दंड देने का अधिकार।

प्रश्न 2 कृषि उत्पादन में महिलाओं के योगदान का उल्लेख करें।

उत्तर
1. खेतों में पुरुषो के साथ काम करना।
2. बुआई, निराई, कटाई तथा मड़ाई का कार्य।
3. सूत कातना, वर्तन बनाना, कपड़ों पर कढ़ाई करना।
4. अन्य दूसरे कृषि कार्य में सहयोग।

प्रश्न 3 मुगलों की भूराजस्व व्यवस्था का संक्षेप में वर्णन करें।

उत्तर
1. आमदनी का मुख्य स्रोत।
2. इसके दो चरण थे (अ) कर निर्धारण (ब) वास्तविक वसूली।
3. कृषि उत्पादन पर नियंत्रण एवं कर निर्धारण।
4. अमल गुजार राजस्व अधिकारी।
5. करों का भुगतान नगद अथवा फसल के रूप में।
6. भूमि की पैमाइश तथा वर्गीकरण।
7. भूमि की उर्वरता के आधार पर कर।

nh?kZ mÙkjh; ç'u ¼8 vad½

प्रश्न 1 मुगल भारत में जमींदारों की भूमिका का उल्लेख करें।

उत्तर
1. उत्पादन में सीधे भाग न लेने के बावजूद उत्पादन पर नियंत्रण।
2. जमीन के मालिक जो इसे बेच भी सकते थे।
3. उन्हे कई सामाजिक और आर्थिक विशेषाधिकार प्राप्त थे।
4. उच्च जाति समबद्ध।
5. राज्य को अपनी सेवाएँ देते थे।
6. भूराजस्व वसूलने का अधिकार।
7. सैनिक संसाधन पर नियंत्रण।
8. कृषि भूमि के विकास में योगदान।
9. समाज में ऊंची हैसियत।

प्रश्न 2 मनसबदारी प्रथा क्या है ? इसके गुण–दोष पर प्रकाश डालिए।

उत्तर
1. अकबर के काल में प्रचलित
2. सभी सरकारी अधिकारियों के दर्जे और पदों में दो तरह के ओहदे थे – जात और सवार।
3. जात पद और वेतन का सूचक। सवार–घुड़सवारों की संख्या।

गुणः– 1. दर्जे योग्यता से मिलते थे

2. सैन्य सेवाएँ उपलब्ध।

3. विद्रोह रोकने मे सहायक।

4. भष्टाचार रोकने मे सहायक।

दोषः– 1. विलासी जीवन।

2. पैसे का दुरुपयोग।

3. सिपाहियों की वफादारी मनसबदारों मे।

प्रश्न 3 आइन–ए–अकबरी आज भी महत्वपूर्ण है। क्यों ?

उत्तर 1. क्योंकि यह पूरे मुगल साम्राज्य की झांकी प्रस्तुत करता है।

2. उस समय की महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाओं की जानकारी।

3. राज्य, लोगों तथा उत्पादन की जानकारी।

4. विभिन्न रीति–रिवाजों, साहित्य, धर्म तथा परम्पराओं की जानकारी।

5. मुगल प्रांतो के बारे मे सूचना।

lkr vkèkkfjr ç'u ¼fo"k; 8 dk 5ok lkr½

प्रश्न 1 अकबर द्वारा भूमिवर्गीकरण की व्याख्या करें।

उत्तर पोलज, परौती, चचर, बंजर।

प्रश्न 2 दो किस्म की भूमियों का कर कैसे निर्धारित किया जाता था ?

उत्तर दोनों किस्मों की भूमियों के उत्पादन को मिलाकर फिर एक तिहाई कर वसूलना।

प्रश्न 3 कृषि के भूराजस्व के कुछ अन्य तरीके अपने आप सुझाइये।

उत्तर ककूत।

fo"k; & 9

'kkld vkj bfroÙk

eqxy njckj

(लगभग सोलहवीं और सत्रहवीं शताब्दियाँ)

vfr y?kq mÙkjh; ç'u ¼2 vad½

प्रश्न 1. मुगल इतिवृत्त क्या है ?

उत्तर 1. मुगलों द्वारा तैयार कराये गये।

2. साम्राज्य और उसके दरबार के अध्ययन के महत्वपूर्ण स्रोत।

प्रश्न 2 सुलह–ए–कुल क्या है ?

उत्तरः–ः– 1. अकबर की धार्मिक नीति।

2. इसका अर्थ है पूर्ण शान्ति।

3. इसका आदर्श था – शान्ति और स्थायित्व के स्रोत के रूप में बादशाह सभी धार्मिक और नृजातीय समूहों से ऊपर था, वह शान्ति एवं न्याय सुनिश्चित करता था।

प्रश्न 3 "किताबखाना" क्या था ?

उत्तर 1. शाब्दिक अर्थ पुस्तकालय।

2. यह एक ऐसी जगह थी वहाँ बादशाह की पांडुलिपियों का संग्रह रखा और नई पांडुलिपियों की रचना की जाती थी।

y?kq mÙkjh; ç'u ¼4 vad½

प्रश्न 1 अकबरनामा किसने लिखा ? संक्षेप में इसकी विषयवस्तु का उल्लेख करें।

उत्तर 1. इसे अबुल फजल ने लिखा।

2. तीन जिल्दों में विभाजित। जिनमें प्रथम दो इतिहास, तीसरी जिल्द आइन–ए–अकबरी है।

3. पहली जिल्द में आदम से लेकर अकबर के जीवन के एक खगोलीय कालचक्र तक का मानव इतिहास।

4. दूसरी जिल्द अकबर के 46वें शासन वर्ष (1601) पर खत्म होती है।

5. अकबर के काल का विस्तृत विवरण।

6. सामाजिक, प्रशासनिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक जानकारी।

प्रश्न 2 दीन–ए–इलाही के आदर्शों को संक्षेप में उल्लेख करो।

उत्तर 1. अकबर द्वारा राजधर्म के रूप में प्रचलित।

2. ईश्वर एक है। अकबर पैगंबर के प्रतिनिधि।

3. अल्लाह–उ–अकबर का उच्चारण।
4. इसके अनुयायियों द्वारा अग्नि को पवित्र एवं सूर्य देवता की पूजा। शाकाहारी।
5. सभी धर्मों का सम्मान।
6. जीवन भर अपने संकल्पों का पालन।

प्रश्न 3 मुगलकाल में शासको का समूह कैसा था ?

उत्तर
1. मुगल आभिजात वर्ग में विभिन्न नृजातीय तथा धार्मिक समूहों से नियुक्ति होती थी।
2. यह एक गुलदस्ते की तरह था।
3. तुरानी, ईरानी, राजपूत भारतीय मुसलमान इसमे शामिल थे।

प्रश्न 4 संक्षेप में मुगल प्रांतीय प्रशासन के बारें में लिखो।

उत्तर
1. प्रांतीय सरकार का प्रमुख गवर्नर (सूबेदार) होता था।
2. गवर्नर सीधा बादशाह को प्रतिवेदन प्रस्तुत करता था।
3. प्रांत – सरकारों में बंटे थे।
4 सरकार – परगनों में विभाजित थे जो कानूनगो, चौधरी, और काजी की देखरेख में थे।
5. प्रत्येक विभाग को कार्यालयी लिपिकों की सहायता प्राप्त थी।

प्रश्न 5 अकबर की धार्मिक नीति को संक्षेप में लिखो।

उत्तर
1. अकबर सभी धर्मो को सम्मान समझता था।
2. धर्म निरपेक्ष दृष्टिकोण।
3. विभिन्न धर्मों के लोगो से संवाद।
4. सभी धार्मिक संप्रदायों को स्वतन्त्रता।
5 सभी धर्मों को आर्थिक सहायता।
6 सुलह–ए–कुल का आदर्श।

nh?kZ mÙkjh; ç'u ¼8 vad½

प्रश्न 1 मुगलों के अंतर्गत वास्तुकला का संक्षेप में उल्लेख करो ?

उत्तर
1. बाबर हुमायूँ को निर्माण का समय ही नही मिला।
2. अकबर ने आगरे का किला, फतेहपुर सीकरी में नयी राजधानी, बुलंद दरवाजा, सलीम चिश्ती का मकबरा।
3. पंचमहल, जोधाबाई एवं बीरबल का महल बनवाया।
4. जहांगीर ने अकबर का मकबरा – सिकंदरा आगरा मे बनवाया।

5. शाहजहाँ– जामा मस्जिद, लाल किला, ताजमहल।
6. औरंगजेब – शाही मस्जिद लाहौर।

प्रश्न 2 मुगल राजस्व के आदर्श के तत्वों का संक्षेप में उल्लेख करो।

उत्तर
1. दैवीय प्रकाश की अवधारणा – इसके अनुसार एक पदानुक्रम के तहत यह दैवीयप्रकाश राजा में संप्रेषित होता था जिसके बाद राजा अपनी प्रजा के लिए आध्यात्मिक मार्गदर्शन का स्रोत बन जाता था।
2. एकीकरण का स्रोत – सुलह–ए–कुल।
3. सुलह–ए–कुल का आदर्श लागू किया गया।
4. मुगल अभिजात वर्ग में सभी वर्गों को शामिल करना।
5. धर्मनिरपेक्ष धार्मिक नीति।
6. सामाजिक अनुबंध के रूप में न्यायपूर्ण।

प्रश्न 3 मुगल दरबार के दैनिक कार्यों तथा विशेष उत्सवों के बारे में उल्लेख करे।

उत्तर
1. शासक पर केन्द्रित दरबार की भौतिक व्यवस्था ने शासक के अस्तित्व को समाज के हृदय के रूप में प्रदर्शित किया।
2. राजसिंहासन सत्ता का केंद्र।
3. दरबार में किसी की हैसियत – उसके राजा के पास या दूर बैठने से निर्धारित।
4. शासक को किए गए अभिवादन।
5. दरबारी समाज में सामाजिक नियंत्रण का व्यवहार।
6. राजनयिक दूतों संबंधी नयाचारों में सुस्पष्टता।
7. बादशाह के दिन की शुरुआत व्यक्तिगत धार्मिक प्रार्थनाओं से फिर झरोखा दर्शन।
8. इसके बाद सरकार के प्राथमिक कार्यों का संचालन।
9. गोपनीय विषयों पर चर्चा।
10. त्योहारों/उत्सवों को मनाना।

fo"k; & 10

mifuos'kokn vkj ngkr

ljdkjh vfHkys[kksa dk vè;;u

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (2 अंक)

vfr y?kq mÙkjh; ç'u ¼2 vad½

प्रश्न 1 अनेक जमींदारियों को स्थायी बंदोबस्त के बाद क्यों नीलाम किया गया ?

उत्तर कृषि उत्पादों की कीमतें बहुत कम थी। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने लगान की उच्च मात्रा निर्धारित कर दी थी।

प्रश्न 2 जमींदारों को नियंत्रित करने के लिए ईस्ट इंडिया कम्पनी ने क्या कदम उठाए

उत्तर 1. जमींदारों की सेनाओं को भंग कर दिया गया।

2. न्यायालयों को अंग्रेज कलेक्टरों के नियंत्रण में कर दिया गया।

प्रश्न 3 जोतदारों ने जमींदारों का किस प्रकार प्रतिरोध किया ?

उत्तर 1. उन्होंने जमींदारों को अपने कर्तव्य पूरा करने से रोका।

2. उन्होंने किसानों को जमींदारों के विरूद्ध संगठित किया।

प्रश्न 4 कब और किसने स्थायी बंदोबस्त लागू किया ?

उत्तर लार्ड कार्नवालिस ने 1793 ईस्वी में स्थायी बंदोबस्त लागू किया था।

प्रश्न 5 रैयतवाड़ी व्यवस्था के क्या अवगुण थे ?

उत्तर भूराजस्व अत्यधिक था। लगान चुकाना अनिवार्य था।

प्रश्न 6 पाँचवीं रिपोर्ट क्या थी ?

उत्तर ईस्ट इंडिया कम्पनी की प्रशासनिक गतिविधियों के बारे में 1813 में पाँचवीं रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी।

y?kq mÙkjh; ç'u ¼4 vad½

प्रश्न 7 18वीं शताब्दी में अंग्रेजों द्वारा पहाड़ियों के प्रति अपनाई गई नीतियों की परख कीजिए।

उत्तर 1. अंग्रेजों ने सर्वप्रथम उन्मूलन की नीति अपनाई।

2. भागलपुर के कलेक्टर क्लीवलैण्ड ने शांति स्थापना की नीति अपनाई।

3. शांति स्थापना की नीति के तहत पहाड़ी मुखियाओं को अपने लोगों को अनुशासन में रखने के लिए कहा गया।

4. पहाड़िया लोगों ने पहाड़ों और गहरे वनों में जाकर बाहरी लोगों के प्रति लगातार संघर्ष की नीति बनाए रखी।

प्रश्न 8 दामिन–ए–कोह क्या था? 18वीं शताब्दी के दौरान संथालों ने अंग्रेजों का प्रतिरोध क्यों किया ?

उत्तर दामिन–ए–कोह अंग्रेजों द्वारा संथालों को दिया गया विशाल क्षेत्र था। औपनिवेशिक सरकार ने उनकी भूमि पर अधिक कर लगा दिए थे। साहूकार ब्याज की उच्च दरें वसूल कर रहे थे। साहूकार उनकी जमीनें छीन रहे थे। जमींदार उनके प्रदेशों पर नियंत्रण का दावा कर रहे थे।

प्रश्न 9 जमींदार अपनी जमींदारियों पर किस प्रकार नियंत्रण बनाए रखते थे ?

उत्तर
1. बेनामी बिक्री से सम्पत्ति कम कीमतों में जमींदार के पास आ जाती थी।
2. नए जमींदारों पर पुराने जमींदारों ने हमले किए।
3. किसानों ने बाहरी लोगों का प्रतिरोध किया।
4. कुछ जमींदारिया महिलाओं की सम्पत्ति घोषित कर दी गई।

प्रश्न 10 जोतदार जमींदार से अधिक शक्तिशाली क्यों थे ?

उत्तर
1. जमींदारों के पास विस्तृत भूक्षेत्र था।
2. वह स्थानीय ऋणदाता था।
3. वह स्थानीय व्यापारी था।
4. जोतदार गाँव में रहता था।
5. जोतदार जमींदारों को अपने कर्तव्य पूरे नहीं करने देता था।

प्रश्न 11 अमेरिकी गृहयुद्ध ने भारत में रैयत समुदाय के जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया ?

उत्तर
1. बम्बई के व्यापारियों ने किसानों को अधिक कपास उगाने के लिए प्रोत्साहित किया।
2. साहूकार लम्बी अवधि के ऋण देने के लिए तैयार हो गए।
3. 1860–1864 के मध्य कपास उत्पादक क्षेत्र दुगना हो गया।
4. सरकार किसानों से अधिक भूराजस्व वसूलने लगी।
5. केवल धनी किसानों को लाभ प्राप्त हुआ।

प्रश्न 12 किसानों का इतिहास लिखने में सरकारी स्रोतो के उपयोग के बारे में क्या–क्या समस्याएँ आती हैं?

उत्तर
1. सरकारी स्रोतों घटनाओं के बारे में सरकारी सरोकार और अर्थ प्रतिबिम्बित करते हैं।
2. सरकार इस बात से सहमत नहीं थी कि उसकी कार्यवाहियों से असंतोष पैदा हुआ।
3. सरकारी स्त्रोतों को अखबारों, गैर सरकारी विवरणों, कानूनी विवरणों से प्रमाणित करना चाहिए।

nh?kZ mÙkjh; ç'u ¼8 vad½

प्रश्न 13 पहाड़िया लोगों की आजीविका संथालों की आजीविका से किस रूप में भिन्न थी ?

उत्तर
1. पहाड़िया स्थानांतरी कृषि करते थे और जंगली पदार्थों से निर्वाह करते थे। संथाल स्थायी कृषक थे।

2. पहाड़िया लोगों की खेती कुदाल पर आश्रित थी। संथाल हल से खेती करते थे। (3) खेती के अलावा जंगली पदार्थ भी पहाड़िया लोगों के जीवन निर्वाह के साधन थे। संथालों ने यायावर जीवन त्याग कर स्थायी कृषक का जीवन अपना लिया था। (4) अपने व्यवसायों के कारण पहाड़िया लोगों का जीवन घनिष्ट रूप से जंगल से जुड़ा हुआ था। संथाल एक निश्चित क्षेत्र में रहते थे। (5) पहाड़िया मैदानों में भोजन, ताकत और कर के लिए लगातार हमले करते रहते थे। संथाल अंग्रेजों, साहूकारों और व्यापारियों के साथ घनिष्ट संबंध रखते थे। (6) पहाड़िया बाजार में बेचने के लिए जंगली पदार्थों का संग्रह करते थे, परन्तु संथाल इसे पसंद नहीं करते थे।

प्रश्न 14 दक्कन के रैयत ऋणदाताओं के प्रति क्रूद्ध क्यों थे ?

उत्तर

1. रैयतवाड़ी भूराजस्व व्यवस्था किसान और सरकार के मध्य की गई सीधी भूराजस्व व्यवस्था थी।
2. किसान को अनेक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए धन की आवश्यकता थी।
3. उसके एक बार साहूकार के चंगुल में फस जाने पर उससे निकलना कठिन था।
4. कर्ज चुकाने पर असमर्थ होने पर उसे साहूकार को अपना सर्वस्व देना पड़ता था।
5. वह साहूकार से जमीन और जानवर किराये पर लेता था।
6. साहूकार ऋण के भुगतान के समय रसीद नहीं देता था।
7. अनुबंध पत्रों में जाली आँकड़े भर दिए जाते थे।
8. किसानों की फसलों का कम दाम आंका जाता था।
9. सरकार ने भूराजस्व 50 से 100 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था।
10. अमेरिका गृहयुद्ध के बाद साहूकारों ने अग्रिम ऋण देना बंद कर दिया था।
11. ऋणदाताओं ने प्रति तीसरे वर्ष अनुबंध पत्रों का नवीनीकरण करना शुरू कर दिया था।

uhp fy[k lkr dk i<dj ç'uk d mÙkj nhft ;A

16 मई, 1875 को पूना के जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस आयुक्त को लिखाः

शनिवार दिनांक 15 मई को सूपा में आने पर मुझे इस उपद्रव का पता चला। एक साहूकार का घर पूरी तरह जला दिया गया। लगभग एक दर्जन मकानों को तोड़ दिया गया और उनमें घुसकर वहाँ के सारे सामान को आग लगा दी गई। खाते पत्र, बांड, अनाज, देहाती कपड़ा सड़कों पर लाकर जला दिया गया। वहाँ राख के ढ़ेर अब भी देखे जा सकते हैं। मुख्य कांस्टेबल ने 50 लोगों को गिरफ्तार किया। लगभग 2000 रु. का चोरी का माल छुड़ा लिया गया। अनुमानतः 25000 रु. से अधिक की हानि हुई। साहूकारों का दावा है कि 1 लाख रु. से ज्यादा का नुकसान हुआ।

प्रश्न 1 कहाँ और कैसे दक्कन में विद्रोह हुए ?

उत्तरः उपद्रव पूना जिले के एक बड़े गाँव सूपा में शुरू हुआ। यह एक विपणन केन्द्र था जहाँ अनेक व्यापारी और साहूकार रहते थे। 12 मई 1875 को आसपास के ग्रामीण इलाकों के रैयत इकट्ठा हो गए, उन्होंने साहूकारों से उनके बहीखातों और ऋणबंधों की मांग करते हुए उन पर हमला बोल दिया, उन्होंने अनेक बहीखाते जला दिए और अनाज की दुकानें लूट ली।

प्रश्न 2 विद्रोह को कुलचने के लिए अंग्रेजों ने क्या कदम उठाए ?

उत्तरः अंग्रेजों ने गाँव में पुलिस स्टेशन स्थापित किया। सेनाएँ बुला ली गई। 95 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनमें से बहुतों को दंडित किया गया।

प्रश्न 3 किसानों द्वारा विद्रोह करने के दो कारण बताओ ?

उत्तरः भूराजस्व की दर अधिक थी और वसूली का तरीका कठोर था। ऋणदाता कानूनों का दुरूपयोग और बहीखातों में हेराफेरी करते थे।

fo"k; & 11

foæksgh vkSj jkT;

1857 dk vkUnksyu vkSj mlds 0;k[;ku

vfr y?kq mÙkjh; ç'u ¼2 vad½

प्रश्न 1 सहायक संधि किसने लागू की थी। इसे स्वीकार करने वाले चार राज्यों के नाम बताओ ?

उत्तर लॉर्ड वेलेजली ने सहायक संधि लागू की थी। प्रारम्भिक सहायक राज्य हैदराबाद, अवध, मैसूर, सूरत, तंजोर थे।

प्रश्न 2 1857 के विद्रोह के दो सैनिक कारण बताओ ?

उत्तर (1) ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा उच्चता की भावनाएँ दिखाई जा रही थी।

(2) चर्बी लगे कारतूस।

प्रश्न 3 अवध में विद्रोह व्यापक क्यों था ?

उत्तर (1) अंग्रेजों ने नवाब वाजिद अलीशाह को गद्दी से हटा दिया था।

(2) जमींदार, तालुकेदार और किसान अंग्रेजों को पसंद नहीं करते थे।

प्रश्न 4 1857 के विद्रोह के दो आर्थिक कारण बताओ ?

उत्तर (1) किसानों का अंग्रेजों और साहूकारों द्वारा शोषण हो रहा था।

(2) शिल्पकार बेरोजगार थे।

प्रश्न 5 विलय नीति क्या थी?

उत्तर प्राकृतिक उत्तराधिकारी के अभाव में देशी राज्य ब्रिटिश साम्राज्य में विलय हो जाते थे।

प्रश्न 6 1857 के विद्रोह के कौन से चार केन्द्र अंग्रेजों के विरूद्ध अधिक आक्रामक थे ?

उत्तर दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, झाँसी, ग्वालियर।

प्रश्न 7 बहुत सारे स्थानों पर विद्रोही सिपाहियों ने नेतृत्व संभालने के लिए पुराने शासकों से क्यों आग्रह किया ?

उत्तर (1) देशी राजा लोगों के स्वाभाविक नेता थे।

(2) उनका विश्वास था कि हिन्दू मुस्लिम एकता जरूरी थी।

(3) वे अंग्रेजों के पहले के संसार की पुनः स्थापना चाहते थे।

(4) दिल्ली मुगलकाल में भारत की राजधानी थी और अंतिम मुगल बादशाह वहीं रहता था। अतः उसे विद्रोहियों ने नेतृत्व संभालने का आग्रह किया।

(5) अधिकतर राजाओं के पास नेतृत्व और संगठन का अनुभव था।

प्रश्न 8 विद्रोहियों के बीच एकता स्थापित करने के लिए क्या उपाय किए गए ?

उत्तर (1) हिन्दूओं और मुसलमानों ने समान रूप से बहादुर शाह से नेतृत्व स्वीकार करने के लिए आग्रह किया।

(2) विद्रोह के दौरान जारी की घोषणाओं में सभी वर्गों से समान रूप से अपील की गई।

(3) सभी समुदायों की भावनाओं का सम्मान किया गया।

(4) पोस्टरों द्वारा अंग्रेजों के पूर्व के काल को गौरवान्वित किया गया।

(5) सैनिक नियंत्रण समिति में हिन्दूओं और मुसलमानों को बराबर प्रतिनिधित्व दिया गया।

प्रश्न 9 अंग्रेजों ने विद्रोह कुचलने के लिए क्या कदम उठाए ?

उत्तर (1) समस्त उत्तरी भारत में मार्शल लॉ लगा दिया गया।

(2) सभी अंग्रेजों को भारतीयों को दंडित करने का अधिकार दिया।

(3) कानून और मुकदमें की सामान्य प्रक्रिया बंद कर दी गई।

(4) ब्रिटिश सेना ने अनेक दिशाओं से मदद की।

(5) अनेक देशी राजाओं ने विद्रोहियों के विरूद्ध मदद की।

(6) विद्रोहियों को क्रूरतापूर्वक दंडित किया गया।

प्रश्न 10 1857 के विद्रोह को निर्धारित करने में धार्मिक विश्वासों की किस हद तक भूमिका थी ?

उत्तर (1) साधारण भारतीय बिना किसी भेदभाव की नई शिक्षा के विरूद्ध थे।

(2) मिशनरी स्कूलों में बाईबल का अध्ययन अनिवार्य था।

(3) जेलों में ईसाई धर्म का प्रचार सामान्य बात थी।

(4) ईसाई धर्म स्वीकार करने वालों को पैतृक सम्पत्ति में हिस्सेदार बनाने के लिए एक कानून पास किया गया।

(5) सामान्य सेवा भर्ती अधिनियम के अनुसार सैनिकों को भारत के किसी भी हिस्से में सेवा के लिए भेजा जा सकता था।

(6) सरकार ने पुरानी राइफलों को नई राइफलों से बदलने का निश्चय किया।

प्रश्न 11 उन साक्ष्यों के बारे में चर्चा कीजिए जिनसे पता चलता है कि विद्रोही योजनाबद्ध और समन्वित ढंग से काम कर रहे थे ?

उत्तर (1) अधिकतर छावनियों के सैनिक विद्रोह कर रहे थे।

(2) मेरठ में विद्रोह करने के बाद विद्रोहियों ने दिल्ली की ओर रूख किया। वे मुगल बादशाह का समर्थन चाहते थे

(3) संदेशवाहक एक स्थान से दूसरे स्थान पर संदेशों का संचार कर रहे थे।

(4) देशी अफसरों की पंचायतों का रात में आयोजन होता था और सामूहिक निर्णय लिए जाते थे।

(5) चपाती एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजना सामान्य बात थी। (6) नया प्रशासन स्थापित किया गया।

प्रश्न 12 1857 के विद्रोह की मजबूतियाँ और कमियाँ क्या थीं ?

उत्तर मजबूतियाँ–

(1) हिन्दूओं और मुसलमानों में सहयोग

(2) सामान्य लोग भी विद्रोह कर रहे थे

(3) सभी विद्रोही स्वतंत्रता चाहते थे।

कमियाँ–

(1) विद्रोह का सभी क्षेत्रों में प्रसार नहीं हो सका,

(2) सभी समुदायों ने समर्थन नहीं किया,

(3) अनेक राजा अंग्रेजों के समर्थक थे,

(4) विद्रोही नेता परस्पर संदेह और ईर्ष्या करते थे,

(5) विद्रोही सैनिक सुसज्जित नहीं थे।

nh?k mÙkjh; ç'u ¼8 vad½

प्रश्न.13 विद्रोह अवध में इतना व्यापक क्यों था ? किसान, तालुकदार और जमींदार उसमें क्यों शामिल हुए ?

उत्तर (1) अवध के सभी लोग अंग्रेजों की शोषण करने वाली व्यवस्था के विरोधी थे।

(2) वाजिद अली शाह लोकप्रिय शासक था और उसके अनेक पुत्र थे परन्तु अंग्रेजों ने उसे शासन से हटा दिया।

(3) अवध के सभी लोग नवाब की सत्ता पुनः स्थापित करना चाहते थे।

(4) बेगम हजरत महल विद्रोहियों की नेता थी।

(5) अनेक बड़े विद्रोही नेता अवध में काम कर रहे थे।

(6) सभी लोग असंतुष्ट थे।

(7 ताल्लुकेदारों की सेनाओं का विघटन कर दिया गया और उनके किले नष्ट कर दिए गए। ताल्लुकेदार एकमुश्त बंदोबस्त से बुरी तरह प्रभावित हुए

(8) अंग्रेजों ने जमींदारों की जमींदारियाँ छीन ली थी। जमींदार अंग्रेजों की गतिविधियाँ पसन्द नहीं करते थे।

(9) किसान 50: भूराजस्व पसन्द नहीं करते थे। लगान जमा कराना अनिवार्य था, इसलिए किसान अपनी सम्पत्तियाँ बेच रहे थे।

प्रश्न 14 विद्रोही क्या चाहते थे? विभिन्न सामाजिक दृष्टि में कितना फर्क था ?

उत्तर (1) विद्रोही भारत से अंग्रेजी शासन का खात्मा चाहते थे और भारत में अंग्रेजों के पहले के संसार की स्थापना चाहते थे।

(2) सभी वर्गों के हितों को चोट पहुँची थी। इससे सभी वर्गों में सामान्य असंतोष का विकास हो गया था।

(3) राजा और जागीरदार अपने राज्यों और जागीरों को पुनः पाना चाहते थे।

(4) भारतीय व्यापारी व्यापार में रियासतें चाहते थे। वे अपने बहीखातों और लेनदेन में हस्तक्षेप नहीं चाहते थे।

(5) किसान उदार भूराजस्व उदार वसूली के साधनों के साथ चाहते थे। वे जमींदारों और साहूकारों द्वारा किए जा रहे शोषण को समाप्त कराना चाहते थे।

(6) सरकारी नौकर उत्तम आदर, वेतन, शक्ति और गरिमा चाहते थे।

(7) भारतीय दस्तकार और कारीगर उत्तम व्यावसायिक परिस्थितियाँ चाहते थे।

(8) पंडित, फकीर और विद्वान लोग भारतीय संस्कृति और धर्म की रक्षा चाहते थे।

प्रश्न 15 1857 के विद्रोह के बारे में चित्रों से क्या पता चलता है ? इतिहासकार इन चित्रों का किस तरह विश्लेषण करते हैं ?

उत्तर (1) अंग्रेज चित्रकारों ने अंग्रेजों को हीरो के रूप में दिखाया।

(2) थॉमस जोन्स द्वारा बनाया चित्र द रिलीफ आफ लखनऊ त्राता के रूप में प्रसिद्ध है।

(3) कोलिन केम्पबेल और जैम्स ओट्रम ने विद्रोहियों को कुचलते हुए लखनऊ पर पुनः अधिकार किया था। लखनऊ की पुनर्विजय को पुनःजीवन, नायकाई प्रतिरोध और सम्पूर्ण विजय के रूप में देखा गया।

(4) इन मेमोरियम जोसेफ नोएल का प्रसिद्ध चित्र था। उसने अंग्रेज महिलाओं और बच्चों की असहायवस्था को व्यक्त किया।

(5) मिस व्हीलर को रक्षात्मक नायिका के रूप में चित्रित किया गया।

(6) रानी लक्ष्मीबाई को वीरांगना के रूप में चित्रण से भारतीयों को संघर्ष की प्रेरणा मिली।

(7) अंग्रेजों के निर्दयी चित्र बदला लेने की भावना से प्रेरित थे।

(8) भारतीय सैनिकों के क्रूर चित्र अंग्रेजों के विरूद्ध मजबूती के प्रतीक थे।

(9) भारतीय चित्रकारों ने राष्ट्रीयता और देशभक्ति को प्रोत्साहन दिया।

fo"k; & 12

vkifuosf'kd 'kgj

uxjhdj.k] uxj&;kstuk] LFkkiR;

egRoi.kZ fcUnq

स्त्रोतः— 1. ईस्ट इंडिया कंपनी के रिकार्ड

2. जनगणना रिपोर्ट

3. नगरपालिकाओं के रिपोर्ट

- 1900—1940 तक नगरीय जनसख्या 10 प्रतिशत से बढकर 13 प्रतिशत हो गई।
- 18 वीं शताब्दी के अंत तक मद्रास, बम्बई तथा कलकत्ता महत्वपूर्ण बंदरगाह नगर के रूप में विकसित हो चुके थे
- यातायात के नए साधनों जैसे ट्राम, बसे, घोड़े गाड़ियाँ इत्यादि ने लोगों को अपने घरों से दूर काम करने के स्थान पर जाना संभव बना दिया।
- कई भारतीय शासकों ने यूरोपीय भवन निर्माण शैली को आधुनिकता तथा साम्यता का प्रतीक माना तथा इस शैली के भवन बनवाकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने का प्रयास किया।
- स्थानीय लोगों की बस्तियों को "ब्लैक टाउन" कहा जाता था। अंग्रेजो की बस्तियों को ब्लैक टाउन से अलग रखने क्र लियर बीच में दीवार बनाई गई थी।
- पेठ एक तमिल शब्द है जिसका मतलब होता है बस्ती, जबकि पुरम शब्द गाँव के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

vfr y?kq mÙkjh; ç'u ¼2 vad½

प्रश्न 1 जनगणना के क्या उद्देश्य थे ?

उत्तर (1) शहरीकरण का अध्ययन

(2) ऐतिहासिक परिवर्तनों को जानना।

प्रश्न 2 हिल स्टेशनों के गुण बताओ ?

उत्तर (1) वे सीमाओं की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण थे।

(2) वे स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए लाभदायक थे।

प्रश्न 3 औपनिवेशिक काल में उदित हुए दो औद्योगिक शहरों के नाम बताओ ?

उत्तर (1) कानपुर चमड़ा, ऊनी और सूती वस्त्र उद्योग में अग्रणी था।

(2) जमशेदपुर लौह एवं इस्पात उद्योग में अग्रणी था।

प्रश्न 4 रेलों ने शहरों को किस प्रकार प्रभावित किया ?

उत्तर (1) जमालपुर, बरेली, वालतेयर जैसे शहरों का विकास हुआ।

(2) कुछ औद्योगिक केन्द्रों का विकास हुआ।

प्रश्न 5 शहरों और गाँवों में क्या अंतर था ?

उत्तर (1) गाँवों में लोग कृषि और पशुपालन से जीवन निर्वाह करते हैं।

(2) शहरों के लोग अनेक व्यवसाय करते हैं–जैसे सेवायें, व्यापार, दुकानदारी और उद्योग।

प्रश्न 6 अंग्रेजों ने नगर नियोजन का कार्य अपने हाथों में क्यों रखा ?

उत्तर (1) अंग्रेज भारतीयों से दूर अलग और सुरक्षित आवासों में रहना चाहते थे।

(2) अंग्रेज सभी बीमारियों से मुक्त साफ और स्वास्थ्यप्रद शहर चाहते थे।

y?k mÙkjh; ç'u ¼4 vad½

प्रश्न 7 औपनिवेशिक संदर्भ में शहरीकरण के रूझानों को समझने के लिए जनगणना संबंधी आंकड़े किस हद तक उपयोगी थे ?

उत्तर (1) अंग्रेजों को विभिन्न शहरों में रहने वाले गोरे और काले लोगों के बारे में सूचनाएँ मिलीं।

(2) अंग्रेजों को शहरों के विस्तार के बारे में जानकारी मिली।

(3) अंग्रेजों को लोगों के जीवन स्तर के बारे में जानकारी मिली।

(4) अंग्रेजों को अनेक बीमारियों के बारे में सूचना मिली।

(5) जनगणना के आंकड़ों से उम्र, लिंग, जाति और व्यवसायों के बारे में जानकारी मिली।

(6) जनगणना के आंकड़ों को समाजिक आंकड़ों में बदला जा सकता था।

प्रश्न 8 औपनिवेशिक शहरों में रिकार्ड संभालकर क्यों रखे जाते थे ?

उत्तर (1) अंग्रेजी शासन आंकड़ों और सूचनाओं पर आधारित था।

(2) अंग्रेज व्यावसायिक गतिविधियों के लिए व्यापारिक गतिविधियों के लिए अधिक जानकारी पाना चाहते थे।

(3) वे शहरों का विस्तार और गति को नियंत्रित करना चाहते थे।

(4) वे मजबूत प्रशासन के लिए रिकार्ड संभालकर रखते थे।

(5) जनसुविधाओं का विस्तार करने के लिए रिकार्ड जरूरी थे।

(6) अनुभवों के लिए रिकार्ड जरूरी थे।

प्रश्न 9 व्हाइट और ब्लैक टाउन शब्दों का क्या महत्व था ?

उत्तर व्हाइट टाउन–

(1) औपनिवेशिक शहर में जिस किलेबंद क्षेत्र में यूरोपीय रहते थे उसे व्हाइट टाउन कहते थे।

(2) रंग और धर्म इसका मुख्य आधार था।

(3) डच और पुर्तगाली यूरोपीय ईसाई थे। अतः वे व्हाइट टाउन में रह सकते थे।

ब्लैक टाउन–

(1) किलेबंद क्षेत्र के बाहर भारतीयों का निवास क्षेत्र ब्लैक टाउन था।

(2) अंग्रेजों के साथ आर्थिक संबंध रखने वाले भारतीय वहाँ रहते थे।

प्रश्न 10 प्रमुख भारतीय व्यापारियों ने औपनिवेशिक शहरों में खुद को किस तरह स्थापित किया ?

उत्तर (1) ब्रिटिश साम्राज्य के विस्तार के साथ भारतीय व्यापारी, मध्यस्थ और माल के आपूर्तिकर्ता शहरों के अंग बन गए

(2) रेलवे के विस्तार के साथ भारतीय व्यापारियों ने शहरों में उद्योग स्थापित करने शुरू कर दिए।

(3) धनी भारतीय एजेन्टों और मध्यस्थों ने बाजारों के निकट दालानी मकानों का निर्माण कराया।

(4) भारतीय व्यापारियों ने भावी निवेश और लाभ के लिए शहरों में बड़ी जमीनों को खरीदा।

(5) उन्होंने पश्चिमी जीवनशैली का अनुसरण करना शुरू कर दिया।

प्रश्न 11 19वीं शताब्दी में शहरों के नियोजन को प्रभावित करने वाली प्रमुख चिन्ताएँ क्या थीं ?

उत्तर (1) नगर को समुद्र के निकट बसाना वाणिज्यिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रमुख चिंता थी।

(2) सुरक्षा के उद्देश्य की पूर्ति के लिए पृथक और पूर्ण रूप से सुरक्षित बस्तियों में रहना चाहते थे।

(3) स्थान की बनावट और भू उपयोग को समझने के लिए मानचित्रों को तैयार करना जरूरी था।

(4) शहर को अधिक स्वास्थ्यप्रद बनाने के लिए खुले स्थानों का निर्माण किया गया।

(5) शहरों के रखरखाव के लिए पर्याप्त धन जुटाना एक अन्य चिंता थी।

प्रश्न 12 18वीं शताब्दी में शहरी केन्द्र किस प्रकार परिवर्तित हो गए ?

उत्तर (1) मुगल साम्राज्य के विनाश के साथ उनके प्रशासन से जुड़े शहरों का विनाश होने लगा।

(2) क्षेत्रीय राजधानियाँ लखनऊ, हैदराबाद, श्रीरंगपट्टम, पूना महत्व पाने लगे।

(3) व्यापारी, प्रशासक, कारीगर और अन्य लोग काम और संरक्षण की तलाश में नई राजधानियों में रहने लगे।

(4) ईस्ट इंडिया कम्पनी ने राजनीतिक नियंत्रण पाने के साथ मद्रास, कलकत्ता और बंबई का तेजी से विकास किया।

nh?kZ mÙkjh; ç'u ¼8 vad½

प्रश्न 13 औपनिवेशिक शहर में सामने आने वाले नए तरह के सार्वजनिक स्थान कौन से थे ? उनके क्या उद्देश्य थे ?

उत्तर (1) नए औपनिवेशिक शहर राजनीतिक सत्ता और आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र थे।

(2) वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए गोदाम, वाणिज्यिक कार्यालय, बीमा एजेन्सियाँ, यातायात डिपो और बैंकिंग संस्थान स्थापित किए गए।

(3) प्रमुख औपनिवेशिक शहर बंदरगाह शहरों के रूप में काम करते थे। वहाँ जहाजों को लादने और सामान उतारने का काम किया जाता था।

(4) समुद्र तट से दूर कम्पनी के प्रमुखप्रशासनिक कार्यालयों की स्थापना की गई।

(5) रेलवे का तेजी से विकास होने के कारण औपनिवेशिक शहर शेष भारत से जुड़ गए। शहरों में रेलवे स्टेशनों, रेलवे वर्कशॉप और रेलवे कॉलोनियों का उदय होने लगा।

(6) फौजियों को ठहराने, सीमा की रक्षा और शत्रु पर आक्रमण के लिए हिल स्टेशन विकसित किए गए। ये हिल स्टेशन सेनीटोरियम का भी काम करने लगे।

(7) सार्वजनिक स्थान जैसे टाउन, उ ान, सिनेमा हॉल भी अस्तित्व में आने लगे थे।

(8) किले, सरकारी कार्यालय, शिक्षा संस्थान, धार्मिक भवन, व्यावसायिक डिपो विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए विकसित किए गए।

(9) अंग्रेजों ने बैठकों और मनोरंजन के लिए क्लबों का विकास किया।

प्रश्न 14 नए शहरों में सामाजिक संबंध किस तरह बदल गए ?

उत्तर सामंजस्य का अभाव, अत्यधिक गरीबी और अत्यधिक अमीरी, मिलने के अवसर, नए सामाजिक समूह, अनेक व्यावसायियों की मांग, नए सामाजिक समूह, मध्यम वर्ग का विस्तार, अनेक साधनों से विचारों की अभिव्यक्ति, सामान्य जागरूकता का विकास, महिलाओं का प्रभाव, परम्परागत रीति–रिवाजों में परिवर्तन, गरीबों की अपनी संस्कृति, जीवन में अनेक संघर्ष।

प्रश्न 15 विभिन्न औपनिवेशिक स्थापत्य कला शैलियाँ कौन–कौन सी थीं ?

उत्तर (1) नवशास्त्रीय शैली – प्राचीन रोम से व्युत्पन्न, रेखागणितीय संरचनाएँ, टाउन हॉल, एलफिन्सटन चौक।

(2) नवगोथिक शैली – मध्यकालीन चर्चों से व्युत्पन्न, ऊँची उठी छते, नोकदार मेहराब, बारीक साज–सज्जा, बम्बई सचिवालय, बोम्बे यूनिवर्सिटी, बोम्बे हाई कोर्ट।

(3) इंडो सारासेनिक शैली – भारतीय और यूरोपीयन शैली का मिश्रण, गुंबद, छतरी, जाली, मेहराब, गेट वे ऑफ इंडिया, ताजमहल होटल।

fo"k; & 13

egkRek xka/kh vkSj jk"Vªh; vkanksyu

¼lfou; voKk vkj mlls vkxs½

- गांधीजी स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले सभी नेताओं में सर्वाधिक प्रभावशाली और सम्मानित है।
- मोहनदास करमचंद गाँधी दक्षिण अफ्रीका में दो दशक रहने के बाद जनवरी 1915 में भारत वापस आए
- दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी ने पहली बार सत्याग्रह के रूप में जानी गई अहिंसात्मक विरोध की अपनी विशिष्ट तकनीक का इस्तेमाल किया और विभिन्न धर्मों के बीच सौहार्द बढ़ाने का प्रयास किया।
- गोखले की सलाह से इस भूमि और इसके लोगों को जानने के लिए गांधीजी ने एक वर्ष की यात्रा की।
- उनकी पहली महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपस्तिथि फरवरी 1916 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में हुई।
- अपनी भाषण के माध्यम से उन्होंने भारतीय विशिष्ट वर्ग को आड़े हाथों लिया और लाखों गरीब भारतीयों का समर्थन किया।
- उन्होंने सफलता पूर्वक 1917 में चम्पारण सत्याग्रह और 1918 में खेड़ा सत्याग्रह और अहमदाबाद कपड़े मिल के मजदूरों का समर्थन किया।
- 1919 देश भर में रोलेट एक्ट के खिलाफ अभियान, रोलेट सत्याग्रह से गांधीजी एक सच्चे राष्ट्रीय नेता बने।
- 1920 जलियांवाला हत्याकांड के बाद अंग्रेजी शासन के खिलाफ असहयोग आंदोलन, खिलाफत आंदोलन का समर्थन, अंग्रेजों के साथ पूरी तरह असहयोग, स्कूल, कॉलेज और कचहरियों का बहिष्कार।
- चौरी चोरा हत्याकांड और आंदोलन वापिस लेना।
- गांधीजी एक लोकप्रीय नेता होने के कारण – आम लोगों की तरह वस्त्र पहनते थे, उनकी तरह रहते थे और उनकी तरह ही भाषा बोलते थे।
- 1924 जेल से रिहा होने के बाद गांधीजी अपना ध्यान रचनात्मक कार्य जैसे,चरखा को लोकप्रीय बनाना, हिन्दू–मुसलमान एकता, छुआछूत को समाप्त करने को लगाया।
- 1928 साईमन कमीषन, गांधीजी का राजनीति में पुनः प्रवेश।
- 1929 लाहोर में कांग्रेस का अधिवेशन,पूर्ण स्वराज्य की मांग।
- 1930 दांडी मार्च, नमक कानून का उलंघन – सविनय अवज्ञा आंदोलन।
- देश के विशाल भाग में वन कानून का उलंघन, फैक्ट्री कामगरों का हड़ताल, वकीलों का ब्रिटिश अदालतों का बहिष्कार, वि।ार्थियों का सरकारी शिक्षा संस्थानों का बहिष्कार।
- 1930 गोलमेज सम्मेलन, कांग्रेस ने बहिष्कार किया।
- 1931 गाँधी– इर्विन समझौता।
- 1935 गवर्नमेंट आफ इंडिया एक्ट
- 1937 प्रांतों में चुनाव 11 में से 8 प्रांतों में कांग्रेस की सरकारें
- 1939 द्वीतीय विश्व युद्ध, कांग्रेसी मंत्रीमंडलों द्वारा इस्तीफा।

- 1940 मुस्लिम लीग का लाहोर अधिवेशन तथा उनके द्वारा पृथक राष्ट्र की मांग।
- 1942 क्रिप्स मिशन की असफलता, भारत छोड़ों आंदोलन, पूरे भारत में जनआंदोलन।
- 1946 केबिनेट मिशन, कांग्रेस और मुस्लिम लीग को एक संघीय व्यवस्था पर राजी करने में असफलता, बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और पंजाब में सम्प्रदायिक दंगे।
- 1946 लार्ड माउंटबेटन का वायस राय बनना, भारत का विभाजन, औपचारिक सत्ता हस्तातरण, भारत को स्वतंत्रता की प्राप्ति।
- राजधानी में हो रहे उत्सवों में गांधीजी की अनुपस्तिथि,कलकत्ते में 24 घंटे के उपवास।
- बंगाल में शांति स्थापना के लिए अभियान चलाने के बाद गांधीजी का दिल्ली आगमन, यहाँ से दंगाग्रस्त पंजाब के जिलों में जाने का विचार 30 जनवरी 1948 नाथूराम गोडसे द्वारा गांधीजी को गोली मारकर हत्या कर दी गई।

nk vid okys ç'u

प्रश्न 1 महात्मा गाँधी को भारतीय राष्ट्र का पिता क्यों माना गया है ?

उत्तर क्योंकि राष्ट्रवाद इतिहास में प्रायः एक अकेले व्यक्ति को राष्ट्र निर्माण के साथ जोड़कर देखा जाता है जैसे इटली के गैरीबाल्ड़ी, अमेरिका के जार्जवाशिगटन और वियतनाम के साथ हो.ची. मिन्ह।

प्रश्न 2 लाल, बाल, पाल कौन थे ?

उत्तर
- लाल–लाला लाजपत राय (पंजाव)
- बाल–बाल गंगाधर तिलक (महाराष्ट्र)
- पाल–विपिन चन्द्र पाल (बंगाल)

प्रश्न 3. नरमपंथी कौन थे ?

उत्तर राष्ट्रवादियों (उदारवादियों) का वह समूह जो एक क्रमिक व लगातार प्रयास करते रहने के विचार का हिमायती था जैसे – गाँधी, गोखले आदि।

प्रश्न 4. रोलट एक्ट क्या था ?

उत्तर 1919 का, यह बढते राष्ट्रवाद को रोकने वाला एक एक्ट था जो बिना जाँच के किसी को कारावास में डाल सकता था।

प्रश्न 5. असहयोग आंदोलन क्यों चलाया गया ?

उत्तर
- खलाफत (टर्की) के प्रतिदुर्व्यवहार एवम् जलियावाला बाग कांड के विरूद्ध।
- .स्वराज प्राप्ति के लिए।

प्रश्न 6. खिलाफत आंदोलन क्यों प्रारम्भ हुआ ?

उत्तर
- तुर्की के प्रति किए गए अन्याय के विरूद्ध।
- तुर्की के सुलतान या खिलाफत को बनाए रखने के किए।

प्रश्न 7. 1931 का गाँधी–इरविन समझौता क्या था ?

उत्तर
- इसके अन्तर्गत गाँधी जी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन बन्द कर दिया।
- इसके बदले इरविन बंदियो को रिहा करने के लिये राजी।
- गाँधी जी द्वतीय गोलमेज सम्मेलन के लिए राजी।

प्रश्न 8. गाँधी जी ने असहयोग आंदोलन क्यों प्रारम्भ किया ? इसे वापस क्यों ले लिया गया ?

उत्तर
- रोलेट एक्ट के विरोध में।
- जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड़ के विरूद्ध।
- खिलाफत आंदोलन के सन्दर्भ में।
- पूर्ण स्वराज की प्राप्ति के लिए।
- इसे चौरी–चौरा की हिंसा के कारण गाँधीजी ने वापस ले लिया।

प्रश्न 9. साल्ट मार्च (नमक यात्रा) के महत्व पर प्रकाश डालिये।

उत्तर
- इसी घटना के चलते गाँधीजी दुनिया की नजर में आए।
- प्रथम राष्ट्रीय गतिविधि जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।
- नमक यात्रा के कारण ही अंग्रेजों को लगा कि अब वे बहुत दिन राज नहीं कर पाएंगे

nh?kZ mÙkjh; ç'u ¼8vad½

प्रश्न 10. असहयोग आंदोलन के मुख्य उद्देश्य और कार्यक्रम (विधि) क्या थे ?

उत्तर
- जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरूद्ध आंदोलन।
- स्वराज की माँग।
- खिलाफत आंदोलन को सहारा देना।
- हिन्दू मुस्लिम एकता।
- रोलेट एक्ट, प्रेस अधिनियम के खिलाफ।

विधि –
1. अहिंसात्मक तरीके से आंदोलन चलाना।
2. ब्रिटिश सरकार से असहयोग।
